डा. जगदीश चंद्र दुरेजा ने फहराया ध्वज

करनाल/आशुतोष गौतम : भारत का स्वतंत्रता दिवस का समारोह कल्पना चावला राजकीय मैडीकल कॉलेज में पारंपरिक हर्षोल्लास और कोविड अनुकूल व्यवस्था को मानते हुए सम्पन्न हुआ। प्रातः सूर्योदय के समय से ही नर्सिंग ऑफिसर एवं सिस्टर्स ने राष्ट्रीय ध्वज के सामने वाले प्रांगण में सुंदर रंगोली सजाई। स्वतंत्रता दिवस समारोह के नियत समय से काफी पहले ही केसीजीएमसी के सभी वर्गों के सदस्य सभा स्थल पर एकत्रित होने शुरू हो गए थे। समारोह की अध्यक्षता संस्था के निदेशक डा. जगदीश चंद्र दुरेजा ने की। सुबह ठीक 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया और कॉलेज की सुरक्षा टुकड़ी ने सलामी दी।

मुख्यमंत्री ने स्वीडन के इंग्का सैंटर्स के आइकिया प्रोजैक्ट निर्माण का किया शुभारंभ

लगभग ढाई हजार रोजगार अवसरों का होगा सृजन, स्वीडन की कंपनी करेगी 3500 करोड़ का निवेश

चंडीगढ़/चंद्र शेखर धरणी

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को गुरुग्राम में स्वीडन के इंग्का सेंटर्स के उत्तर भारत में पहले आइकिया 'मिक्सड यूज कॉमर्शियल प्रोजैक्ट का भूमि पूजन कर इसके निर्माण का शुभारंभ किया। लगभग 3500 करोड़ रुपए के निवेश से बनने वाले मिश्रित उपयोग वाले इस आइकिया प्रोजेक्ट का निर्माण गुरग्राम के सैक्टर-47 में होगा। स्वीडन के भारत में राजदूत श्री क्लास मोलिन भी इस मौके पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को कर्म की भूमि, संभावनाओं और समृद्धि की भूमि बताते हुए यहां पर इंग्का सेंटर्स और आइकिया प्रोजैक्ट का हरियाणा में आने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उत्तर भारत तथा इस क्षेत्र के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विश्व स्तरीय रिटेल एवं लेजर गणतव्य होगा। इससे निवेश के साथ-साथ रोजगार और व्यापार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में 'ईज ऑफ डूईंग बिजनेस' को संभव बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठा चुकी है और यह प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के लिए हमारी विकास योजनाओं का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में नई तकनीक और डिजिटल इंटरफेस एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर रहे हैं जो नए अवसरों और चुनौतियों दोनों को खोल रही है। नई प्रक्रियाएं और नए उत्पाद आर्थिक विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। लोग और मानवीय मूल्य हमेशा विकास और प्रगति के केंद्र में होते है इसलिए हमें भी आपसी जुड़ाव की सोच के साथ काम करते की जरूरत है जिसके लोगों और अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की आपसी सहभागिता का प्रभाव विश्व में दिखाई देगा। जो देश या प्रदेश इन परिस्थितियों का लाभ उठाएगा वहीं प्रगति की राह पर आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन, डिजाईन और मेन्युफक्चरिंग में मूलभूत परिवर्तन हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म, ऑटोमेशन और डाटा फ्लो ने दुनिया में भौगोलिक दूरियों के महत्व को घटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश में इन्नोवेशन तथा पारम्परिक उत्पादन हमारे युवा के लिए रोजगार का बड़ा स्त्रोत रहेंगे। दूसरी तरफ हमारी मानव संशाधन को भी अपने स्किल को बढाकर जीवन में बदलाव लाने की जरूरत है। इसीलिए कौशल विकास और शिक्षा की नीतियों में तेजी से बदलाव लाना होगा। इसके लिए विद्यालय और विश्व विद्यालय का पाठ्यक्रम इस प्रकार से डिजाईन किए जाएं कि वह युवाओं का भविष्य बनाने मे कारगार हो। श्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें ये जानकर प्रसन्नता हुई है कि भारत में आइकिया जो भी बेचता है उसका 27 प्रतिशत वह स्थानीय स्त्रोतों से लेता है, जिसे आने वाले वर्षो में 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है।

प्रोजैक्ट निर्माण का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

कलायत समारोह में भाग लेने आईं 3 छात्राएं बेहोश

तत्काल बेहोश बच्चों को अस्पताल पहुंचाया

कलायत /रणबीर राणा

कलायत में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में हिस्सा लेने पहुंची तीन छात्राएं प्रतिभागी करने से पहले ही पंडाल में एक के बाद एक करते हुए बहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। अचानक पक्की जमीन पर गिरने के कारण इनके चेहरे व दांतों पर चोट भी आई। इन्हें तत्काल मौके पर दो चिकित्सा अधिकारियों की अगुवाई तैनात स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आपात सेवाएं देते हुए एंबुलेंस के जरिये कलायत अस्पताल पुंचाया गया। अस्पताल में एस.एम.ओ डा. आशीष गोयल की निगरानी में स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय कुमार द्वारा छात्राओं का उपचार शुरू किया गया। जबकि परेड का हिस्सा बने हरियाणा पुलिस के एक जवान को चक्कर आ गया। तत्काल साथी कर्मियों ने उसे मौके पर ही संभाल लिया। तीन छात्राओं के बेहोश होने और एक पुलिस कर्मी को चक्कर आने की घटना से हड़बड़ाहट का मंजर पंडाल में सिर उठाने लगा था, जबकि विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक व दर्शक दीर्घा में मौजूद आम लोग नहीं चाहते थे कि इस चुनौती के कारण किसी प्रकार का व्यवधान देश की आजादी को समर्पित आयोजन में पैदा हो क्योंकि इस दौरान समारोह में देश के सम्मान से जुड़ी अहम परंपराओं को पूरा किया जा रहा था। इसके मद्देनजर उन्होंने मुख्य मंच तक बिना अफरातफरी किए स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हाथ से हाथ मिलाकर राहत कार्य शुरू किया। जब इस दिशा सेवा व सहयोग की भावना को लेकर सांझे कदम बढ़ाए तो एक पल में ही वाहन का रास्ता साफ हो गया। बस फिर क्या था तत्काल बेहोश बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

कलायत में जिला स्तरीय समारोह के दौरान प्रभावित छात्रा का चैकअप करते चिकित्सक।

दो घंटे के उपचार के बाद छात्राओं की अस्पताल से हुई छुट्टी

कलायत नागरिक उप मंडल अस्पताल के कार्यकारी एसएमओ डा.आशीष गोयल ने बताया कि तीन छात्राओं के सामने स्वास्थ्य संबंधी जो समस्या आई उसको ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया। करीब दो घंटे के उपचार के बाद छात्राओं की स्थिति सामान्य होने पर शिक्षकों और परिवार के लोगों की मौजूदगी में उन्हें घर भेजा गया।

संक्षिप्त खबरें

50 वर्ष से ऊपर बीपी व शुगर की जांच करवाएं : रितु शर्मा

नरवाना/नरेन्द्र जेठी : मंगलवार को उप स्वास्थ्य केंद्र बेलरखा में एनसीडी कैंप लगाया गया जिसमें विशेष तौर पर सीएचसी उझाना की टीम में रेनपाल स्टाफ नर्स, ममता काउंसलर, रितु शर्मा एमपीएचडब्ल्यू फीमेल, प्रदीप भारद्वाज एमपीएचडब्ल्यू मेल, आशा वर्कर ने भाग लिया। कैंप में पहुंचने वाले सभी व्यक्तियों की बीपी की जांच, शुगर की जांच, वजन, कैंसर संबंधी स्क्रीनिंग की गई। कैंप में मौजूद रितु शर्मा व रेनवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि 50 बरस कें ऊपर कें व्यक्ति ने निरंतर तौर पर बीपी की जांच व शुगर की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि हमें बीमारी का समय से पता लग सके जो लोग हाइपरटेंशन व डायबिटीक पाए गए उनको सीएचसी उझाना व नागरिक अस्पताल नरवाना में डॉक्टर कें परामर्श अनुसार दवाई शुरू करने बारे सलाह दी गई।

हमीदा क्षेत्र में पीएसी में आधार सेवा केंद्र खोला

यमुनानगर/मेहता : यमुनानगर कें हमीदा क्षेत्र में पीएसी में आधार सेवा केंद्र खोला गया जिसका उद्घाटन यमुनानगर कें विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि सरकार आधार कार्ड से जुड़ी सुविधा जिला कें विभिन्न इलाकों में उपलब्ध करवा रही है। ताकि लोगों को आधार कार्ड बनवाने व उसमें करेक्शन से संबंधित कार्यो कें लिए जिला सचिवालय न पहुंचना पड़े। जिला यमुनानगर कें गाँव कुलचंदु में आधार सेवा केंद्र प्रारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन जिला परिषद् कें चेयरमैन सोहन लाल द्वारा गाँव वासियों की उपस्थिति में किया गया। सीएससी कें जिला मैनेजर नवीन दत्ता ने बताया कि जिला के ग्रामीण इलाकों में भी आधार सेवा केंद्र खोले जा रहे है ताकि लोगों को अपने इलाके में ही इस का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया की गांव कुलचंदू जिला सचिवालय से 22 कि.मी. दूर है।

जतिंद्र शर्मा को नपा सचिव नियुक्त किया

रादौर/जसवंत : नगरपालिका सचिव राकेश कुमार वालिया कें सेवानिवृत्त होने कें उपरांत लगभग डेढ़ महीने से खाली पड़े सचिव पद पर स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जतिंद्र शर्मा को नपा सचिव नियुक्त किया गया है। मंगलवार को नवनियुक्त नपा सचिव जतिद्र शर्मा ने अपना कार्यभार संभाला। नपा सचिव इससे पहले बराड़ा नगरपालिका में कार्यरत थे। उनका रादौर पहुंचने पर रोटरी क्लब कें सदस्यों व पार्षदों ने बुके भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनके समक्ष शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल होने, स्ट्रीट लाइट का ठेका खत्म होने, पार्क को ठेके पर दिए जाने, लावारिश पशुओं को पकड़वाये जाने की मांगे रखी। इस अवसर पर डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मंजीत सिंह पंजेटा, चारूल वशिष्ठ, कुलदीप नंबरदार, कर्मवीर, महेंद्रपाल टीना, देवेंद्र लक्की आदि मौजूद रहे।

गठबंधन से हुआ लोगों को मोह भंग : कटवाल

उचाना/नरेन्द्र जेठी : कांग्रेस कें पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल ने कहा कि गठबंधन सरकार से प्रदेश का हर गर्व तंग है। प्रदेश की जनता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को तीसरी बार प्रदेश के सीएम के रूप में देखना चाहती है। आज हरियाणा में बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही है। प्रदेश में बेरोजगारी में जींद सबसे आगे है। प्रदेश में बढ़ रही गुंडागर्दी से व्यापारी वर्ग दहशत में है। जब प्रदेश में कांग्रेस के राज में सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा थे तो प्रदेश में अमन चैन था। वे उपमंडल कार्यालय कें सामने कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे थे। कटवाल ने कहा कि हर वर्ग का भला अगर कोई सरकार कर सकती है तो वो कांग्रेस पार्टी की सरकार है। कांग्रेस पार्टी गरीब आदमी का हाथ पकड़ कर उसको आगे लाने का काम करती है। जितनी योजनाएं कांग्रेस के राज में गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाओं के लिए बनाई गई वो किसी ओर सरकार के शासन में नहीं बनी। निरंतर वो राज्यसभा में देश, प्रदेश से जुड़े मुद्दों को उठाने का काम कर रहे है। इस मौके पर मा. बलवान, धर्मवीर, शमशेर, सुशील शर्मा, पाला पहलवान, बदन सिंह, जीता खापड़, बदन सिंह खापड़, रणधीर उचाना खुर्द, बसाऊ बड़ौदा, रणधीर सेढ़ा माजरा, रामकलां पालवां, मांगेराम छात्तर, विकास करसिंधु, बारू, दीपक पेगां मौजूद रहे।



हरियाणा में जल्द होगा माटी कला बोर्ड का गठन और चेयरमैन का चयन : गंगवा

कलायत/रणबीर राणा : हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा ने ने कहा कि माटी कला बोर्ड के गठन के प्रारूप से जुड़े अहम पहलुओं पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व संबंधित विभिन्न स्तरों पर व्यापक चर्चा हो चुकी है। विधानसभा का सत्र बुलाकर बोर्ड के गठन और कुंभकारों के हाथों को काम देने के लिए कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। डिप्टी स्पीकर कलायत में आजादी की पूर्व संध्या पर गांव जुलानी खेड़ा में जजपा युवा नेता राजू जुलानी खेड़ा के संयोजन में नरेंद्र जुलानी खेड़ा के आवास पर आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। इससे पहले कलायत लोक निर्माण विश्राम गृह में एसडीएम सुशील कुमार ने प्रशासन की तरफ से डिप्टी स्पीकर का अभिवादन किया। उपरांत जुलानी खेड़ा गांव में पहुंचने पर उनका बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने राजू जुलानी खेड़ा, धर्मवीर प्रजापति, अनिल बात्ता, बिबला प्रजापति , सोनू प्रजापति, शमशेर सिंह, नरेंद्र जुलानी खेड़ा, हरदीप नंबरदार, रुड़ा राम, ईश्वर सिंह, सुरेश कुमार प्रजापति समाज व गांव की तरफ से पगड़ी पहनाकर ग्रामीण परंपरा के अनुसार निराले अंदाज में अभिनंदन किया। गंगवा ने कहा कि कलायत के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य करने वाले कुंभकारों के सामने जमीन की समस्या आ रही है। इस अहम विषय के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा उनकी ड्यूटि लगाई गई है।

» गांव जुलानी खेड़ा में डिप्टी स्पीकर ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

109 वें दिन भी तहसील प्रांगण में धरना जारी

नरवाना/नरेन्द्र जेठी : 109वें दिन भी नरवाना तहसील प्रांगण में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा जिस की अध्यक्षता कृष्ण मोर शिमला ने की और मंच संचालन डिम्पल दनोदा ने किया और हर रोज की तरह आज के कार्यक्रम का आगाज भी रागनियों से हुआ। मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह ने बताया कि हम आज अपने एम एल ए रामनिवास सूरजाखेड़ा के आवास का घेराव किया जा रहा है क्यों कि आज से डेढ़ महीना पहले उन्हें ज्ञापन दिया गया था कि आप हरियाणा के इलाकों की तरह हमारा भी लेटर जारी करवा दो और उन्होंने हमे आश्वासन दिया था परंतु आज तक पत्र लेकर नहीं आए इस लिए हमे घराव का फैसला लेना पड़ा। किसान आंदोलन में भी पूरी जनता का योगदान था परंतु आज प्रशाशन पुराने कर्मचारियों के स्थान पर नए लगाए जा रहे है संयुक्त किसान मोर्चा मांग करता है कि ने नौजावानों को रोजगार अवश्य दिया जाए परंतु पुराने की कुर्बानी दे कर नहीं। आजाद पहलवां ने मंच सांझा करते हुए कहा कि आप के 109 दिन से चल रहे धरने को सैल्यूट करता हूं और आप को आश्वासन देता हूं कि उचाना का एक एक किसान आप के साथ है और हम इन को चेतावनी देते हैं कि किसानों की मांगों को जल्दी से जल्दी पूरी की जाए। इस सरकार का चाल चरित्र चेहरा आप के सामने आ ही चुका है।

भाकियू ने प्रदर्शन कर विधायक को सौंपा ज्ञापन

शाहाबाद/स्वामी

मंगलवार को भाकियू (चढूनी) के कार्यकर्त्ता एवं किसान शहीद ऊधम सिंह स्मारक में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए विधायक रामकरण काला के कार्यालय पहुंचे और विधायक को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर शामलात देह व जुमला मुश्तरका मालकान भूमि का मालिकाना हक काश्तकार व काबिज काश्तकारों को दिया जाए। यह निर्णय भाकियू चढूनी द्वारा चरखीदादरी के गांव बाढडा में आयोजित महापंचायत में लिया गया था। यह जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रैस प्रवक्ता राकेश बैंस एवं जसबीर सिंह मामूमाजरा ने बताया कि वित्त आयुक्त हरियाणा ने एक पत्र जारी कर देह शामलात व जुमला मालकान भूमि की मालकियत किसानों से छीनकर पंचायतों के नाम करने का आदेश दे दिया है जिसके अनुसार कई जिलों में किसानों से भूमि छीनकर बेदखल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त आयुक्त द्वारा जारी इस पत्र के अनुसार सभी शामलात देह, शामलात देह हसब रसद ज़ेर खेवट व शामलाट देह हसद रसद पैमाना मलकियत व जुमला मुश्तरका मालकान की सभी जमीनो की मालिकाना हक काश्तकार किसानों से वापिस लेकर पंचायत व नगरपालिकाओं के नाम किया जाएगा व प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश की कुछ तहसीलों में ऐसी उक्त जमीनों के इंतक़ाल तोडकर पंचायतों के नाम किए भी गए हैं, जबकि माल रिकार्ड के अनुसार किसान इन ज़मीनो पर पीढ़ियों से काश्त कर रहे हैं और इन जमीनों पर किसानों का पूरा मालिकाना हक़ था व किसान इन जमीनो को ख़रीद बेच व आड़ रहन भी करते थे।

म्हारा हरा-भरा अभियान का हुआ समापन

उचाना/नरेन्द्र जेठी : जुलाई माह में एसडीएम डॉ. राजेश खोथ की अगुवाई में शुरू किया गया म्हारा हरा-भरा उचाना मुहिम के तीसरे फेस का घोघड़ियां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल में समापन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम उचाना डा. राजेश खोथ पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि 15 जुलाई को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में फेज-3 का उद्घाटन किया गया था। वन विभाग हरियाणा की ओर से पौधों की व्यवस्था की गई। 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। पूरे महीने चले उपमंडल के इस कार्यक्रम में लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। सावन का महीना बारिश का महीना होता है। इस महीने में पौधरोपण करने का सबसे अनुकूल समय होता है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने से हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। आज से तीन साल पहले डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पौधरोपण करके इस अभियान की शुरूआत की थी। लगातार तीसरे साल इस अभियान को चलाया गया। हर किसी ने पूरा सहयोग पौधरोपण के इस अभियान में दिया। पेड़-पौधों की संख्या कम न हो इसलिए हर कोई पौधरोपण करें।

पीएम मोदी की अगुवाई में देश प्रगति के पथ पर : धर्मपाल गोंदर

उचाना/नरेन्द्र जेठी : पुरानी मंडी में मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन रामनिवास दनौदा के निवास पर हरियाणा वन निगम के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर पहुंचे। यहां उनका पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। गोंदर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश को विदेशों में अलग पहचान मिली है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्षी दलों को देश के साथ विदेशों में बढ़ रही पीएम नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता हजम नहीं हो रही है। भारत देश निरंतर सशक्त हो रहा है। ऐसा पीएम पहली बार मिला है जिसने जो कहा वो किया।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम फ्लोर, रैड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	मीनू कंसल (ऋणदाता) मुकेश कुमार (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHSAF00001253840	वाका रकबा खानसर चौक कालोनी, खेवट नं. 165 खता नं. 182 मुरब्बा नं. 35 किला नं. 20 (5-7), पार्ट 5/214 सफीदों जींद हरियाणा	रु. 48,44,738/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 31,60,253/- रु. 3,16,025/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टैक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- **https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस 19 सितंबर, 2022 तक सायं 5.00 बजे से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रैड स्क्वायर मार्केट, यू-ई-1 नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **19 सितंबर 2022 सायं 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रैड स्क्वायर मार्केट, यू-ई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001 में 19 सितंबर, 2022 को सायं 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है।** बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में हिसार में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: अगस्त 17, 2022
स्थान: हिसार

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रैड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	देवी दयाल (ऋणदाता), मीना/हरि दयाल/चंदर कला (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHKTL00000893725/ NHKTL00000893691	एमसीके सम्पत्ति नं. 2012 18 वार्ड नं. 11 श्री पूजा मोहल्ला निर्वानिया स्ट्रीट कैथल पिनकोड-136027.	रु. 71,31,513/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 37,33,338/- रु. 3,73,334/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक
2.	निशा शर्मा (ऋणदाता) ललित शर्मा (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHSNP00000857773/ NHSNP00000857774	सम्पत्ति नं. 66/14, अशोक नगर, सोनीपत, हरियाणा-131001.	रु. 42,39,825/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 51,80,227/- रु. 5,18,023/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 से बजे सायं 3.00 बजे तक
3.	पुनीत शर्मा (ऋणदाता) सुमित शर्मा (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHSNP00000828919	मकान नं. 259/23, प्रभु नगर, ओल्ड रोहतक रोड, सैनी मॉडर्न स्कूल वाली गली सोनीपत, हरियाणा।	रु. 26,45,073/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 34,26,080/- रु. 3,42,608/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक
4.	राकेश कुमार (ऋणदाता) कविता रानी (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHJND00000832626	खेवट नं. 85 मुरब्बा नं. 150 किला नं. 15/1, वाका रकबा मौजा राम कालोनी जींद हरियाणा-126102.	रु. 32,19,730/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 13,25,520/- रु. 1,32,552/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक
5.	सुरेन्दर सिंह (ऋणदाता) अनीता (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHGOH00001254786	खसरा नं. 1666, वार्ड नं. 19, उत्तम नगर, तहसील गोहाणा, जिला सोनीपत, हरियाणा-131301.	रु. 39,05,943/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 17,41,358/- रु. 1,74,136/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक
6.	विनोद कुमार (ऋणदाता) अरुण कुमार/चरण दास/सुशील कुमार (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHKTL00001262840/ NHKTL00001262841	सम्पति आईडी सम्पत्ति आईडी 155सी106यू105, प्लाट नं. 22, 23, वार्ड नं. 22, 23, वार्ड नं. 23, खेवट नं. 23, खेवट नं. 69/154, 69/154, मुरब्बा नं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1,6, 14/2, 15,किते 2, न्यू पियोडा रोड, शास्त्री 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 14/2, 15, किते 2, न्यू पियोडा रोड, शास्त्री नगर/पटेल नगर, वाका पट्टी गदर, तहसील कैथल, हरियाणा।	रु. 1,75,62,038/- 05 अगस्त 2022 को	रु. 1,04,76,000/- रु. 10,47,600/-	14 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	20 सितंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टैक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- **https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस 19 सितंबर, 2022 तक सायं 5.00 बजे से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लाट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **19 सितंबर 2022 सायं 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लाट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001 में 19 सितंबर, 2022 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **कैथल, हरियाणा, सोनीपत** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: अगस्त, 17 2022
स्थान: हरियाणा (कैथल, सोनीपत)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड